# रिलॉन्च किए गए सेंसेक्स और बैंकेक्स डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स पर शुक्रवार की पहली साप्ताहिक समाप्ति पर 528 करोड़ रु. का कारोबार

मुंबई, ता- 19 मई, 2023 - हालहीं में रिलॉन्च किए गए सेंसेक्स औक बैंकेक्स डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स पर आज 19 मई, 2023 को पहली साप्ताहिक समाप्ति पर 528 करोड़ रु. का कारोबार किया। फ्यूचर्स का करोबार 35 करोड़ रु. का और ऑप्शन्स का कारोबार 493 करोड़ रु. का रहा। लॉन्च के बाद से, बीएसई ने इन कॉन्ट्रैक्ट्स में कारोबार और ओपन इंटरेस्ट में लगातार वृद्धि देखी है, जिसमें शुक्रवार की अनूठी समाप्ति है। इन कॉन्ट्रैक्ट्स में लॉन्च के बाद से पूरे भारत में 125 से अधिक सदस्यों के साथ व्यापक भागीदारी देखी गई है।